GREENLAWNS HIGH SCHOOL
TERMINAL EXAMINATION YEAR 2021- 2022

SUBJECT : HINDI — **CLASS : VIII**
DATE : 23/9/ 2021 — **MARKS : 40**
TIME : 1 HOUR 15 MINUTES

सूचना :- **प्रश्नपत्र** के सभी **प्रश्नों** के उत्तर composheet पर लिखकर Pdf बनाकर Teams पर Upload कीजिए ।

प्रश्न १ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [10]

i) मित्रता एक अनमोल धन ii) निरक्षरता एक अभिशाप iii) आतंकवाद एक समस्या

प्रश्न २ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [७]

i) विद्यालय की क्रिकेट टीम में शामिल करने का निवेदन करते हुए प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए।

ii) करोना काल में अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग कितना आवश्यक है यह बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

प्रश्न ३ निर्देशानुसार उत्तर लिखिए। [३]

i) **निम्नलिखित** शब्दों में से **किसी एक** शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।
 i) दुख ii) कुबेर

ii) **निम्नलिखित** शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए।
 i) कृपण ii) उपयोगी

iii) **निम्नलिखित** तत्सम शब्दों के **तद्भव** रूप लिखिए।
 i) ग्रंथि ii) कोकिल

प्रश्न ४ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे **प्रश्नों** के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

कर दिया मधु और सौरभ , दान सारा एक दिन ,
किंतु रोता कौन है, तेरे लिए दानी सुमन ?
मत व्यथित हो फूल , किसको सुख दिया संसार ने ,
स्वार्थमय सबको बनाया है यहाँ करतार ने।

i) कवयित्री ने फूल को दानी क्यों कहा है ? [२]

ii) मनुष्य तथा फूल के व्यवहार में क्या अंतर है ? समझाकर लिखिए। [२]

iii) प्रस्तुत कविता क्या संदेश देती है ? [२]

iv) शब्दार्थ लिखिए – [२]

i) मधु ii) संसार iii) व्यथित iv) करतार

प्रश्न ५ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

मनुष्य का जीवन थोड़ा है , उसमें खोने के लिए समय नहीं। यदि क , ख और ग हमारे लिए कुछ नहीं कर सकते , न कोई बुद्धिमानी या विनोद की बातचीत कर सकते हैं , न हमारे आनंद में सम्मिलित हो सकते हैं , न हमें कर्तव्य का ध्यान दिला सकते हैं तो ईश्वर हमें उनसे दूर ही रखे।

i) लेखक किस प्रकार के लोगों से दूर रहना चाहते हैं ? [२]

ii) भिन्न प्रकृति और स्वभाव के लोगों में भी मित्रता क्यों बनी रहती है ? समझाकर लिखिए। [२]

iii) ' विश्वासपात्र मित्र जीवन में एक औषधि है। ' पंक्ति को स्पष्ट कीजिए। [२]

iv) प्रस्तुत निबंध से आपको क्या सीख मिलती है ? लिखिए । [२]

प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

i) ऋषि दुर्वासा ने कुंती को क्या वरदान दिया और क्यों ? [२]

ii) विदुर किसके पुत्र थे ? उनके किन गुणों के कारण उन्हें धृतराष्ट्र का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया ? [२]